छिपाते हैं द्य कुछ लोगों को अकर्मण्य रह कर निठल्ले समय बिताना अच्छा लगता है। ऐसे लोग केवल बातूनी होते हैं। दुनिया के सफलतम व्यक्तियों ने सदैव कार्यव्यस्तता मैं जीवन बिताया है। उनकी सफलता का रहस्य समय का सदुपयोग रहा है। दुनिया में अथवा प्रकृति में हर वस्तु का समय निश्चित है। समय बीत जाने के बाद कार्य फलप्रद नहीं होता।

(i) विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त करने के लिए किसकी आवश्यकता होती है?

(ii) कुछ लोग समय की कमी के बहाने क्या छुपाते हैं?

(iii) दुनिया के सफलतम व्यक्तियों की सफलता का रहस्य क्या है?

(iv) कार्य किस स्थिति में फलप्रद नहीं होता?

(v) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।





**Your Roll No...............**

**Sr. No. of Question Paper : 4372** **L**

| | |
|---|---|
| Unique Paper Code | : 2051002005 |
| Name of the Paper | : Hindi - E : Compulsory Hindi Syllabus (CHS) |
| Name of the Course | : **Common Prog. Group – AEC-2** |
| Semester | : IV |

Duration : 2 Hours Maximum Marks : 60

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।

2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

1. निम्नलिखित शब्दों में आवश्यक स्थान पर अनुस्वार अथवा अनुनासिक का प्रयोग करते हुए इन्हें पुनः लिखिए – (6)

हसना, अक, संसार, गाव, आख, शख

2. निम्नलिखित में से छह विदेशी ध्वनियों वाले शब्दों को पहचान कर लिखिए - (6)

डॉक्टर, जिंदा, समय, जमीन, जोर, कॉल, सावन, भवन, माधव, कॉपी, काजल, दानव

3. निम्नलिखित वाक्यों में उचित स्थानों पर विराम चिह्न लगाकर पुनः लिखिए - (6)

(i) राम और शाम आज बाजार गए थे

(ii) क्या कल बारिश होगी

(iii) वाह कितना सुंदर घर है

4. निम्नलिखित वाक्यों को हिंदी की वाक्य संरचना के अनुसार व्यवस्थित कीजिए - (6)

(i) स्कूल सीता है जाती।

(ii) रीमा गई बाजार है लेने सब्जी।

(iii) मोर लगे नाचने वर्षा ही होते शुरू।

(iv) चर है गाय रही मैदान में।

(v) पढ़ रहा पुस्तक है राम।

(vi) चला खेत है में रहा किसान हल।



5. बाजार में खरीदारी करते हुए होने वाले संवाद को लिखिए। (6)

**अथवा**

महँगाई पर दो मित्रों के संवाद को लिखिए।

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर 100 शब्दों में लिखिए। (10)

(क) किसी पुस्तक मेले का वर्णन कीजिए।

(ख) किसी प्राकृतिक दृश्य का वर्णन कीजिए।

7. किसी सामाजिक कहानी के संवाद 100 शब्दों में लिखिए। (10)

**अथवा**

मित्रता पर 100 शब्दों में निबंध लिखिए।

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (10)

जिस विद्यार्थी ने समय की कीमत जान ली, वह सफलता को अवश्य प्राप्त करता है। प्रत्येक विद्यार्थी को अपनी दिनचर्या की समय सारणी अथवा तालिका बनाकर उसका पूरी दृढ़ता से पालन करना चाहिए। जिस विद्यार्थी ने समय का सही उपयोग करना सीख लिया, उसके लिए कोई भी काम करना असंभव नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी हैं जो कोई काम पूरा न होने पर समय की दुहाई देते हैं। वास्तव में सच्चाई इसके विपरीत होती है। अपनी अकर्मण्यता और आलस को वे समय की कमी के बहाने